20-25 लाख रु. लेकर फर्जी सर्टिफिकेट पर डॉक्टर्स को इंटर्नशिप करवाने वाले रजिस्ट्रार समेत 18 गिरफ्तार

एस.ओ.जी. ने फर्जी फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन प्रमाण पत्र से इंटर्नशिप कराने वालों पर शिकंजा कसा

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । राजस्थान पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप (एसओजी) ने फर्जी फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन (एफएमजीई) प्रमाण पत्र के जरिए इंटर्नशिप कराने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें राजस्थान मेडिकल काउंसिल के तत्कालीन रजिस्ट्रार डॉ. राजेश शर्मा और तत्कालीन नोडल ऑफिसर अखिलेश माथुर भी शामिल हैं।

एसओजी के एडीजी विशाल बंसल, डीआईजी परिस देशमुख और एसपी कुंदन

■ **आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसओजी की 22 टीमों ने दिल्ली, जयपुर, उदयपुर और जोधपुर सहित कई जिलों में एक साथ दबिश दी थी**

कंवरिया ने बुधवार को प्रेस वार्ता में बताया कि आरोपियों में 15 एमबीबीएस पास विद्यार्थी और एक दलाल भी शामिल है। गिरफ्तारी के लिए एसओजी की 22 टीमों ने दिल्ली, जयपुर, उदयपुर और जोधपुर सहित कई जिलों में एक साथ दबिश दी।

एडीजी विशाल बंसल ने बताया कि जांच में सामने आया कि डॉ. राजेश शर्मा ने दलालों से मिलीभगत कर प्रत्येक अभ्यर्थी से 20-25 लाख रुपए लेकर बिना सत्यापन के फर्जी एफएमजीई प्रमाण पत्र के आधार पर इंटर्नशिप करवाई और प्रोविजनल रजिस्ट्रेशन जारी किए। प्राथमिक जांच के दौरान पीयूष त्रिवेदी नामक अभ्यर्थी के फर्जी प्रमाण पत्र से इंटर्नशिप करने का मामला सामने आया था, जिसके बाद उसे सहित देवेंद्र, शुभम और भानाराम को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

आगे की जांच में एक संगठित गिरोह का खुलासा हुआ, जो फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर राजस्थान मेडिकल काउंसिल में इंटर्नशिप और रजिस्ट्रेशन करवा रहा था। इस मामले में अब तक 90 से अधिक ऐसे डॉक्टर चिन्हित किए गए हैं, जिन्होंने फर्जी एफएमजीई प्रमाण पत्र के आधार पर इंटर्नशिप और प्रोविजनल रजिस्ट्रेशन प्राप्त किया।

एसओजी ने इस कार्रवाई में डॉ. राजेश शर्मा, अखिलेश माथुर, विनय चौहान, यश पुरोहित, प्रतीक चौधरी, नरेंद्र सिंह, दयाराम गुर्जर, मनीष चंदेल, श्रवण लामरोड़, रवि कुमार गुर्जर, करण सिंह गुर्जर, अविनाश सैनी, विक्की सामोता, दिनेश कुमार, ईश्वर यादव, विकास यादव, दीपेश यादव और संकेत टेलर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार उदयपुर से गिरफ्तार डॉ. यश पुरोहित फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर निजी अस्पताल में कार्यरत था। मामले में पहले भी चार आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है और एसओजी आगे की जांच में जुटी है।

राजेश शर्मा

अखिलेश माथुर

विनय चौहान

यश पुरोहित

प्रतीक चौधरी

नरेन्द्र सिंह

दयाराम गुर्जर

मनीष चंदेला

श्रवण लामरोर

रवि कुमार गुर्जर

करण सिंह गुर्जर

अविनाश सैनी

विक्की सामोता

दिनेश कुमार

ईश्वर यादव

विकास यादव

दीपेश यादव

संकेत टेलर

सार-समाचार

राजस्थान विवि.में विशिष्ट व्याख्यान

जयपुर । राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा एसएमसी जयपुर चैप्टर के सहयोग से विशिष्ट व्याख्यान "पैरोव्स्काइट ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक्स: आणविक डिजाइन से स्केलेबल डिवाइस तक" विषय पर आयोजित हुआ। जयपुर चैप्टर की समन्वयक प्रो. नीलिमा गुप्ता ने बताया कि आईएमईसी बेल्जियम के मैरी क्यूरी शोधकर्ता डॉ. अमित कुमार हरित बतौर मुख्य वक्ता थे। उन्होने इस विषय पर अत्यंत रोचक एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. हरित ने पेरोव्स्काइट ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम शोध, इसके वैज्ञानिक सिद्धांतों तथा व्यावहारिक अनुप्रयोगों को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया। उन्होंने अपने शोध-यात्रा के अनुभव साझा करते हुए छात्रों को उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, उन्होंने विशेष रूप से यूरोप में उपलब्ध पोस्टडॉक्टोरल छात्रवृत्तियों एवं अंतरराष्ट्रीय शोध अवसरों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अंजली गुलेरिया ने किया। प्रो. आशा जैन सहित विभाग के संकाय सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे, जिन्होंने व्याख्यान को अत्यंत रुचिपूर्वक सुना। अंत में प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। विभागाध्यक्ष प्रो. नीलिमा गुप्ता ने बताया कि यह व्याख्यान छात्रों एवं शिक्षकों के लिए उपयोगी, प्रेरणादायक व सफल रहा।

करियर मार्गदर्शन-रोजगार शिविर 27 को

जयपुर । कौशल, रोजगार एवं उद्यिमता विभाग के तत्वावधान में युवाओं को रोजगार एवं कैरियर संबंधी मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से कैरियर मार्गदर्शन एवं रोजगार सहायता शिविर का आयोजन 27 मार्च को राजकीय रामचंद्र खेतान पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, झालाना जयपुर में किया जाएगा। इस शिविर में निर्माण, लॉजिस्टिक, बैंकिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, सिक्योरिटी, कॉल सेंटर, होटल, हॉस्पिटल तथा बीमा सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुडे 20 निजी नियोजक अपनी रिक्तियों के साथ भाग लेंगे तथा मौके पर ही युवा अभ्यर्थियों के साक्षात्कार लेकर प्राथमिक चयन करेंगे। इसके अतिरिक्त आईटीआई, राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम, राष्ट्रीय करियर सेवा फॉर एससी/एसटी, जिला उद्योग केन्द्र जयपुर तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, आईटीआई, आरएसएलडीसी, एनबीसी विभाग सहित विभिन्न सरकारी विभाग भी शिविर में भाग लेकर युवाओं को अपनी विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करेंगे।

"बाल दंत चिकित्सा में मिथक" पोस्टर जारी

जयपुर। जयपुरिया अस्पताल में वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे 20 मार्च व वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे सप्ताह 20 से 26 मार्च के तहत "स्वस्थ मुख-स्वस्थ जीवन" थीम पर आम जन को मुख स्वास्थ्य की उपयोगिता बताई गई। मुख का स्वास्थ्य पूरे शरीर के स्वास्थ्य से जुड़ा होता है। आम जनता को इसके प्रति जागरूक किया व उन्हें मुख स्वास्थ्य की देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया। जयपुरिया अस्पताल के दंत्त विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि बुधवार को बाल दंत चिकित्सा में मिथक विषय पर एक पोस्टर का विमोचन जयपुरिया अस्पताल के अधीक्षक डॉ.जीवराज सिंह राठौड़ ने किया। डॉ. राठौड़ ने इस अवसर पर दंत विभाग के कार्यों की सराहना की और इस तरह के जन जागरूकता के कार्यक्रम आगे भी जारी रखने के लिए कहा। इस अवसर पर डॉ. हरीश भारद्वाज, डॉ. संगीता सौगत, डॉ.अनीश यादव, डॉ. अनुपमा काजल व डॉ. प्रशांत गर्ग उपस्थित रहे ।

अंबेडकर पुरस्कार के लिए मांगे आवेदन

जयपुर । सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत के निर्देश पर विभाग ने वर्ष-2026 के राज्य एवं जिला स्तरीय अंबेडकर पुरस्कार के लिए योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन मांगे हैं। राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए 28 मार्च और जिला स्तरीय पुरस्कार के लिए 5 अप्रैल तिथि निर्धारित की गई है। निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव आशीष मोदी ने बताया कि भारत भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती (14 अप्रैल 2026) के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति जिला एवं राज्य स्तरीय अंबेडकर पुरस्कार-2026 दिए जाने हैं। उन्होंने बताया कि पात्र व्यक्ति निर्धारित प्रपत्र में 28 मार्च 2026 तक डाक अथवा व्यक्तिश आवेदन जमा करवा सकता है। मोदी ने बताया कि जिला स्तरीय आवेदन संबंधित जिले के कार्यालय में जमा कराए जा सकते हैं, जबकि राज्य स्तरीय आवेदन निदेशालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग जयपुर में जमा कराए जा सकेंगे।

'महिला कांग्रेस का प्रदर्शन फ्लॉप रहा'

जयपुर । भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ ने महिला कांग्रेस के प्रदर्शन को पूरी तरह फ्लॉप शो करार दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शन को न तो आम जनता का समर्थन मिला और न ही महिलाओं की भागीदारी देखने को मिली। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस एक बार फिर झूठ, भ्रम और अफवाह फैलाने की राजनीति पर उतर आई है। उन्होंने कहा कि वैश्विक संकट के इस दौर में जहां पूरे देश को एकजुट होने की आवश्यकता है, वहीं कांग्रेस राजनीतिक लाभ लेने के लिए अनावश्यक भय और असंतोष का माहौल बनाने की कोशिश कर रही है। राखी राठौड़ ने स्पष्ट कहा कि देश में किसी प्रकार का एलपीजी संकट नहीं है और जिन उपभोक्ताओं के पास वैध कनेक्शन हैं, उन्हें गैस सिलेंडर आसानी से उपलब्ध हो रहे हैं। अगर वास्तव में कोई गंभीर समस्या होती, तो जनता का समर्थन स्वत: दिखाई देता, लेकिन प्रदर्शन में भीड़ की कमी ही इसकी सच्चाई बता रही है। कांग्रेस का इस तरह का प्रदर्शन साफ दिखाता है कि कांग्रेस देशद्रोही काम कर रही है। राठौड़ ने कांग्रेस नेतृत्व पर भी निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी सर्वदलीय बैठक में शामिल नहीं हुए, जिससे उनकी गंभीरता पर सवाल खड़े होते हैं।

'प्रेस की स्वतंत्रता का पक्षधर हूं पर यह सीख भी देनी जरूरी कि स्वतंत्रता, स्वच्छंदता नहीं'

राज्यपाल बागड़े ने हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह को संबोधित किया

जयपुर (कासं)। राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने कहा कि पत्रकारिता और जनसंचार शिक्षा से जुड़े विद्यार्थियों को चाहिए कि वे पत्रकारिता के भारतीय अतीत के साथ हमारी गौरवमय ज्ञान-परम्परा से भी जुड़े। पत्रकारिता में समाचार के साथ विचार-संस्कृति की शिक्षा का भी प्रसार होना चाहिए। उन्होंने आजादी आंदोलन में पत्रकारिता की रही भूमिका के साथ गणेश शंकर विद्यार्थी, विजय सिंह पथिक, कर्पूर चंद्र कुलिश, बिशन सिंह शेखावत आदि को याद करते हुए पत्रकारिता और जनसंचार शिक्षा के प्रभावी प्रसार का आव्हान किया। राज्यपाल बागडे बुधवार को हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रहे थे।

राज्यपाल बागड़े ने कहा कि प्रेस की स्वतंत्रता का मैं पक्षधर हूं पर पत्रकारिता और जनसंचार शिक्षा में यह सीख भी दी जाए कि स्वतत्रंता, स्वच्छंदता नहीं है। उन्होंने स्वस्थ पत्रकारिता मूल्यों के लिए भावी पत्रकार तैयार किए जाने पर जोर दिया।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने 1975 की आपातकाल का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को दबाया गया, लेकिन सशक्त पत्रकारिता ने सत्य की रक्षा की। पत्रकारिता केवल एक पेशा नहीं, बल्कि एक मिशन है। आज के दौर में जब डिजिटल मीडिया और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ने परिदृश्य को तेजी से बदला है, तब फेक न्यूज की चुनौती भी बढ़ी है। ऐसे में पत्रकारों को सबसे पहले नहीं, बल्कि सबसे सही बनने की होड़ रखनी चाहिए।

विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि आज का दिन विद्यार्थियों के परिश्रम और संघर्ष को औपचारिक मान्यता मिलने का दिन है। उन्होंने कहा कि पहले पत्रकारिता का स्वरूप मुख्यत: प्रिंट मीडिया तक सीमित था, लेकिन आज डिजिटल माध्यमों ने इसे व्यापक और त्वरित बना दिया है। इसके बावजूद हर वायरल खबर सत्य नहीं होती, इसलिए पत्रकारिता की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। दीक्षांत समारोह में वर्ष 2024 एवं 2025 में अंतिम परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले कुल 271 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं। इनमें स्नातक एवं स्नातकोत्तर के 269 विद्यार्थी तथा 2 शोधार्थी शामिल रहे, जिन्हें पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। शैक्षिणक उत्कृष्टता के आधार पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 12 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया, जबकि प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले कुल 35 विद्यार्थियों को वरीयता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी और उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की।

एस्कॉर्ट और बॉडी मसाज के नाम पर ठगने वाले गिरफ्तार

जयपुर (कासं)। पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन वज्र प्रहार 2.0 के तहत जयपुर पश्चिम की साइबर सेल और झोटवाड़ा थाना पुलिस ने एस्कॉर्ट सर्विस और बॉडी मसाज के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस पूछताछ करने में जुटी है।

डीसीपी (पश्चिम) प्रशांत किरण ने बताया कि जयपुर पश्चिम की साइबर सेल और झोटवाड़ा थाना पुलिस ने एस्कॉर्ट सर्विस और बॉडी मसाज के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह के गजेंद्र यादव (23) निवासी फुलेरा (जयपुर ग्रामीण) और विकास रेबारी (20) निवासी किशनगढ़ रेनवाल जयपुर ग्रामीण जयपुर हाल झोटवाड़ा को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 02 मोबाइल फोन,10 सिम कार्ड,15 यूपीआई आईडी,02 एटीएम कार्ड और एक बैंक पासबुक बरामद की है।

डीसीपी ने बताया कि पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर एस्कॉर्ट सर्विस के आकर्षक और भ्रामक विज्ञापन डालते थे । विज्ञापन देखकर संपर्क करने वाले लोगों को आरोपी विभिन्न पैकेजों का लालच देते थे । इसके बाद रजिस्ट्रेशन फीस, एडवांस चार्ज, सर्विस और सिक्योरिटी चार्ज के नाम पर अलग-अलग बैंक खातों और यूपीआई आईडी में पैसे ट्रांसफर करवा लिए जाते थे । जैसे ही पीड़ित पैसा जमा करता, आरोपी अपना मोबाइल नंबर बंद कर देते या पीड़ित को ब्लॉक कर देते थे ।

स्पा और मसाज सेंटरों में अब बंद दरवाजों के पीछे नहीं मिलेगी सर्विस

जयपुर (कासं)। गुलाबी नगरी में स्पा और मसाज सेंटरों की आड़ में चल रही अनैतिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए जयपुर पुलिस ने बड़ा कदम उठाया है। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. राजीव पचार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 की धारा 163 के तहत कड़े आदेश जारी किए हैं। नए नियमों के मुताबिक अब शहर के किसी भी स्पा सेंटर में बंद दरवाजों के पीछे मसाज नहीं दी जा सकेगी।

अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. राजीव पचार द्वारा जारी आदेश के अनुसार स्पा और मसाज सेंटर के कमरों के दरवाजों पर अंदर से कोई कुंडी या बोल्ट नहीं लगाया जा सकेगा। सर्विस के दौरान केवल ऐसे दरवाजों का उपयोग होगा जो स्वत: खुलते और बंद होते हों। इसके अलावा स्पा केंद्रों में पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग सेक्शन होंगे, जिनके प्रवेश द्वार भी पूरी तरह अलग और स्पष्ट रूप से सीमांकित होने अनिवार्य हैं।

इसके साथ ही पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों को लेकर सख्त निर्देश दिए हैं। अब प्रत्येक स्पा सेंटर के रिसेप्शन और कॉमन एरिया में उच्च गुणवत्ता वाले नाइट विजन सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य होगा। इन कैमरों की रिकॉर्डिंग कम से कम 30 दिनों तक सुरक्षित रखनी होगी, जिसे पुलिस जांच के दौरान कभी भी मांग सकती है।

■ **पुलिस ने अनैतिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए सख्ती दिखाई**

अब स्पा संचालक किसी भी कर्मचारी को बिना पुलिस सत्यापन में फोटो, आधार कार्ड और निवास का प्रमाण शामिल हो, संबंधित थाने में जमा कराना होगा।

साथ ही, ग्राहकों के लिए भी आईडी प्रूफ और मोबाइल नंबर का रिकॉर्ड रखना अनिवार्य कर दिया गया है। इसके अलावा स्पा सेंटर केवल सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक ही संचालित किए जा सकेंगे। वहीं प्रवेश द्वार पर सभी काम करने वाले व्यक्तियों के नाम और फोटो की सूची लगानी होगी। स्पा परिसर के भीतर किसी भी प्रकार का नशा या धूम्रपान पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

पुलिस आयुक्त डॉ. राजीव पचार के अनुसार शहर में काफी संख्या में स्पा सेंटर बिना किसी ठोस विनियमन के चल रहे थे। शिकायतों में सामने आया था कि इन केंद्रों में कई प्रकार की गैर-कानूनी और आपत्तिजनक गतिविधियां संचालित हो रही थीं, जिससे शहर की शांति व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से पूरे जयपुर आयुक्तालय क्षेत्र में लागू हो गया है और अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

झगड़ा शांत कराने आए पडौसी पर गोली चलाने वाला बदमाश गिरफ्तार

पुलिस ने आरोपी के पास से दो देसी कट्टे और जिंदा कारतूस भी बरामद किए

जयपुर । कानोता इलाके के इंदिरा गांधी नगर में आपसी विवाद के दौरान बीच-बचाव करने आए एक पडौसी पर फायरिंग करने वाले शातिर बदमाश को पुलिस ने दबोच लिया। गिरफ्तारी के दौरान भागते समय बाइक फिसलने से आरोपी का एक हाथ और एक पैर टूट गया । पुलिस ने आरोपी के पास से दो देसी कट्टे और जिंदा कारतूस भी बरामद किए हैं । साथ ही किरायेदार का सत्यापन नहीं कराने पर पुलिस ने मकान मालिक को भी गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त (पूर्व) रंजीता शर्मा ने बताया कि कानोता थाना इलाके के इंदिरा गांधी नगर में आपसी विवाद के दौरान बीच-बचाव करने आए एक पडोसी पर फायरिंग करने वाले शातिर बदमाश आरोपी आकाश जोगी (19) निवासी करौली को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार उस पर पहले से ही हत्या के प्रयास, डकैती, पोक्सो एक्ट और आर्म्स एक्ट जैसे चार गंभीर मामले दर्ज हैं । पुलिस अब उससे हथियारों की खरीद-फरोख्त के संबंध में पूछताछ कर रही है। पुलिस ने आरोपी के मकान मालिक रूप लाल योगी को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, बीट कांस्टेबल द्वारा बार-बार कहने और पुलिस कमिश्नरेट के आदेशों के बावजूद मकान मालिक ने किरायेदार का पुलिस सत्यापन नहीं करवाया था। इसके चलते उसके विरुद्ध धारा 223 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल दिलीप सिंह की विशेष भूमिका रही । टीम में उप निरीक्षक सुभाष,कांस्टेबल प्रकाश, मुस्ताक,आनु कुमार, मन्तराम, नेहरू और सुरेश चंद शामिल थे।

गिरफ्तार आरोपी आकाश जोगी

थानाधिकारी मुनीन्द्र सिंह ने बताया कि 25 मार्च 2026 की रात इंदिरा गांधी नगर में किराये पर रहने वाले आरोपी आकाश जोगी और उसकी पत्नी के बीच झगड़ा हो रहा था। शोर सुनकर पास ही रहने वाला दूसरा किरायेदार मनीष शर्मा (40) बीच-बचाव करने पहुँचा और झगड़े का कारण पूछा । इससे गुस्साए आकाश ने मनीष पर फायरिंग कर दी। जिससे गोली मनीष के पैर के निचले हिस्से में जा लगी । वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया । इधर वारदात की गंभीरता को देखते हुए एसीपी बस्सी विनय कुमार और थानाधिकारी मुनीन्द्र सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम बनाई गई । पुलिस ने करीब दो दर्जन संदिग्धों से पूछताछ की और 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली । आरोपी ने पुलिस को गुमराह करने के लिए पहले रेलवे स्टेशन और सिंधी कैंप की ओर रुख किया। फिर जगतपुरा की ओर भागा । सुबह पुलिस को उसके खो नागोरियान इलाके में होने की सूचना मिली । जब पुलिस ने उसे घेरने की कोशिश की तो वह बाइक तेज भागकर सीबीआई फाटक की ओर जाने लगा । इसी दौरान उसकी बाइक स्लिप हो गई और सड़क पर गिरने से वह घायल हो गया ।

श्रीराम जन्मोत्सव पर 101 हवाइयों से की जाएगी महाआरती

जयपुर। रामनवमी के पावन अवसर पर गुरूवार को चांदपोल बाजार स्थित प्राचीन ठिकाना मंदिर श्री रामचंद्रजी में राम जन्मोत्सव 2026 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के तहत दिनभर धार्मिक अनुष्ठान, झांकियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। महंत नरेंद्र तिवाडी ने बताया कि गुरूवार प्रात: 6 बजे मंगला आरती के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। सुबह 11 बजे 500 किलो दूध, इत्र, गुलाब, केसर व केवड़ा से पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। दोपहर 2 बजे श्री रामलला जन्म आरती होगी, जबकि शाम 7 बजे 101 हवाइयों की सलामी के साथ महाआरती आयोजित होगी, जिसमें हजारों महिलाएं सामूहिक आरती करेंगी।

वहीं मंदिर में 51 किलो मावा-मेवे का विशेष केक काटा जाएगा और राधिका कल्चरल सोसायटी द्वारा सांस्कृतिक संध्या, बैंड वादन तथा अलौकिक सजावट आकर्षण का केंद्र रहेगी। भगवान श्री राम दरबार को जरदोजी पोशाक और रजवाड़ी आभूषणों से सजाया जाएगा। रात्रि 10 बजे शोभायात्रा मंदिर पहुंचेगी, जहां स्वागत व बधाई गान होगा। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों से पदयात्राएं भी मंदिर पहुंचेंगी।

कलक्टर के निर्देश पर उपखंड अधिकारियों ने किया गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण

जयपुर जिले में उपभोक्ताओं को समय पर घरेलू एलपीजी आपूर्ति हो सुनिश्चित : डॉ. जितेन्द्र सोनी

जयपुर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार जयपुर जिले में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की निर्बाध आपूर्ति के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि जिले में उपभोक्ताओं को घरेलू एलपीजी गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

जिले में आमजन को घरेलू एलपीजी गैस की समय पर एवं सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र सोनी की अध्यक्षता में जिला गैस वितरण समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें गैस आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की गई। बैठक में कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के सभी उपभोक्ताओं को समय पर घरेलू एलपीजी गैस उपलब्ध हो, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

डॉ. सोनी ने गैस विपणन कंपनियों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि वे उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए नियमित रूप से अभियान चलाएं, ताकि आमजन में विश्वास कायम रहे और किसी प्रकार की भ्रांति की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन घरों में पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध है, वहां एलपीजी कनेक्शन को नियमानुसार बंद किया जाए, जिससे संसाधनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित हो सके।

कलक्टर ने प्रवर्तन शाखा एवं पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि गैस की कालाबाजारी, अवैध भंडारण एवं अनियमितताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने सभी गैस एजेंसियों को निर्देशित किया कि उनके फोन नंबर हमेशा सुचारू स्थिति में रहें तथा उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए तत्परता से कार्य किया जाए। आमजन को बेहतर सेवा उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर युगांतर शर्मा, जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम प्रियव्रत चारण, जिला रसद अधिकारी संघमित्रा बरड़िया सहित पुलिस विभाग एवं गैस वितरण कंपनियों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर बुधवार को उपखंड अधिकारियों ने गैस एजेंसियों के औचक निरीक्षण कर जमीनी स्तर पर आपूर्ति, मांग एवं वितरण व्यवस्था की वास्तविक स्थिति का आकलन किया गया। निरीक्षण के दौरान गैस एजेंसियों में उपलब्ध स्टॉक, वितरण प्रणाली, उपभोक्ताओं की मांग तथा आपूर्ति के बीच संतुलन की गहन जांच की गई। साथ ही एजेंसियों पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति का भी जायजा लिया गया। जिला कलक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए।